हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 21 अगस्त 2026

06 स्वच्छता में सुधार केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि...



07 जिले के 33 तालाबों में 11.42 प्रतिशत पानी आया अधिकांश...



समाचार संक्षेप

रेडक्रॉस सोसायटी में 23 अगस्त को किडनी व मूत्र रोग शिविर

गुना। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गुना एवं अपोलो हॉस्पिटल इंदौर द्वारा संयुक्त रूप से 23 अगस्त रविवार को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक रेडक्रास परिसर में निशुल्क किडनी एवं मूत्र रोग निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में अपोलो हॉस्पिटल इंदौर से डा सौरभ चिपडे एवं डॉ शशांक चौरसिया उपस्थित रहेंगे। इस शिविर का उद्घाटन गुना की एस पी माननीय हितिका बांसल द्वारा किया जाएगा एवं अध्यक्षता वरिष्ठ कर सलाहकार एवं तुलसी मानस भवन के उपाध्यक्ष निकलंक जैन द्वारा की जाएगी। रेड क्रॉस सोसायटी गुना के सचिव डा रामवीर सिंह एवं शिविर संयोजक आशीष मंगल ने इन रोगों से संबंधित सभी मरीजों से आग्रह किया है कि वह इस शिविर में आकर नवीन तकनीकों के माध्यम से मूत्र एवं प्रोस्टेट आदि रोग का परीक्षण एवं निवारण कराएं। विशेष वात यह भी है कि शिविर में प्रोस्टेट कि जांच यूरोफ्लोमेट्री एवं पीएसए द्वारा मौके पर ही की जाएगी।

पात्र हितग्राहियों के लिए भूखंड विक्रय संबंधी शिविर आयोजित



राघौगढ़। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चैनपुरा क्षेत्र में पात्र हितग्राहियों के लिए भूखंड विक्रय संबंधी शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर योजना से जुड़े हितग्राहियों को भूखंड उपलब्ध कराने तथा आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी दी गई।शिविर में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित हितग्राहियों को भूखंड विक्रय की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं पात्रता संबंधी जानकारी दी। हितग्राहियों ने भी योजना से संबंधित अपनी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को अधिकारियों के समक्ष रखा।नगर पालिका के नोडल अधिकारी विशाल बाबू शर्मा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के साथ उन्हें आवास निर्माण के लिए आवश्यक भूखंड उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल बनाना है।

मावन और गुना के बीच रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात महिला का शव

गुना। जिला मुख्यालय के कैंट थानांतर्गत रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, 17 अगस्त को पश्चिम मध्य रेलवे गुना के उप स्टेशन प्रबंधक द्वारा जीआरपी, आरपीएफ और कैंट थाना पुलिस को जानकारी दी कि मावन और गुना के बीच डाउन रेलवे ट्रैक (किमी 1091/22 से 1091/24) पर एक अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही कैंट पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में महिला की शिनाख्त के प्रयास कर रही है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

गुना। विकासनगर रोड पर स्कूल के सामने कार एमपी 04-7197 ने बाइक सवार सुरेश बाबू चंदेल को जोरदार टक्कर मार दी। जिनका निजी अस्पताल में इलाज जारी है। पीड़ित के पुत्र दीपक चंदेल निवासी साईं सिटी कॉलोनी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बमोरी के खुरदौन में हंगामा: मुक्तिधाम पर कब्जे से सड़क पर चल रही थी अंतिम संस्कार की तैयारी

भनक लगते ही पहुंचे तहसीलदार और पुलिस, तार फेंसिंग उखाड़कर कराया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले की बमोरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बनेह के खुरदौन गांव में मुक्तिधाम की जमीन पर अवैध कब्जे के कारण मानवता को शर्मसार कर देने वाली स्थिति निर्मित हो गई। गांव में मुक्तिधाम के अभाव में परिजन और ग्रामीण एक 15 वर्षीय किशोरी के शव का अंतिम संस्कार सड़क पर ही करने को मजबूर हो गए। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची टीम ने कब्जा हटाकर देर रात अंतिम संस्कार संपन्न कराया।

पट्टे के नाम पर मुक्तिधाम की जमीन पर कब्जा, चबूतरा तक नहीं

जानकारी के अनुसार, मामला 19 अगस्त का है, जहां दोपहर में गांव की एक किशोरी का निधन हो गया था। परिजन जब शाम करीब 4 बजे अंतिम संस्कार के लिए निकले तो मुक्तिधाम की जमीन पर अतिक्रमण और तार फेंसिंग लगी मिली। ग्रामीणों का आरोप है कि पट्टे के नाम पर मुक्तिधाम की सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया गया है, जिसके चलते यहां शवदाह के लिए चबूतरा तक नहीं बन सका है। जगह न मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर ही अंतिम संस्कार करने का निर्णय ले लिया और शव को सड़क पर रख दिया।

देर रात कराया दाह संस्कार

सड़क पर अंतिम संस्कार की भनक लगते ही बमोरी तहसीलदार और धरनावदा थाना अंतर्गत झागर चौकी पुलिस टीम देर शाम गांव पहुंची। मौके पर करीब 7 घंटे तक परिजनों, ग्रामीणों और प्रशासन के बीच भारी गहमागहमी और हंगामा चलता रहा। आखिरकार अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाते हुए मुक्तिधाम की जमीन पर की गई अवैध तार फेंसिंग को तत्काल उखाड़ फेंका और जगह खाली कराई। इसके बाद शाम 4 बजे से सड़क पर रखे किशोरी के शव का रात 11 बजे मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कराया जा सका।

प्लॉट की दीवार तोड़ने पर विवाद तो मजदूरी के विवाद में पिता-पुत्र से मारपीट

गुना। कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन अलग-अलग स्थानों से मारपीट, तोड़ाफोड़ और अड़ीबाजी के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला चौरसिया कॉलोनी का है, जहां विवेक कॉलोनी निवासी श्यामू सिंह परमार के निर्माणाधीन प्लॉट पर संतोष रघुवंशी और आशीष रघुवंशी ने कमरे की दीवारें, खिड़की व गेट तोड़ दिए। दूसरा मामला ग्राम सिंघाड़ी चक का है, जहां 65 वर्षीय जुम्मन खान अपने बेटे इमरान के साथ बाइक से लौट रहे थे। तभी नथन सहरिया के घर के पास छोटेलाल, संदीप और खिलयान सहरिया ने मजदूरी के भुगतान की बात पर पिता-पुत्र पर डंडों व लात-घूसों से हमला कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए और इमरान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नानाखेड़ी में बेकाबू कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर

डिवाइडर से टकराने के बाद लॉक हुई कार, तीन घायल, एक भोपाल रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला मुख्यालय के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत नानाखेड़ी इलाके में बुधवार की रात एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। नशे में धुत कार सवारों की बेकाबू कार की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक बताई जा रही है। इस सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद भोपाल रेफर कर दिया है।



प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार रात करीब 9:30 बजे की है। गुना शहर की तरफ से दो खंभा की ओर जा रही एक कार जैसे ही मणिधारी गार्डन के सामने पहुंची, अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से जा टकराई। इसके बाद कार ने आगे चल रहे ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए, वहीं कार ऑटोमैटिक लॉक होकर मौके पर ही रुक गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक कल्ला (35) गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार में सवार ऋतिक (23) निवासी गुलाबगंज और मंगल गुर्जर (48) निवासी तेलघानी भी घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है।

कार में मिली शराब

पुलिस जांच में कार सवारों के अत्यधिक शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है। पुलिस को कार की तलाशी के दौरान अंदर से शराब की बोतलें और कंडोम बरामद हुए हैं। कैंट पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

बाइक ने मारी टक्कर

राघौगढ़ थाना क्षेत्र के वृंदावन होटल के पास एबी रोड पर भंडारा खाकर पैदल अपने घर लौट रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पैदल जा रहा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम खटिया कॉलोनी (कुंभराज) निवासी कमलेश अहिरवार (45) ने राघौगढ़ थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत रात करीब 8 बजे वे जंजाली मंदिर से भंडारा खाकर पैदल अपने गांव लौट रहे थे। तभी वृंदावन होटल के पास सामने से आई तेज रफ्तार बाइक एमपी 39-4202 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में कमलेश के पैर व कमर में गंभीर चोटें आई हैं।

पुराने विवाद में महिला से मारपीट, फिर बहू पर चढ़ाई बाइक

धरनावदा थाना अंतर्गत रुठियाई पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम गौरा में पानी के पुराने विवाद को लेकर एक ही परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले खेत पर महिला के साथ मारपीट की और बाद में उसकी बहू को बाइक से टक्कर मारकर घायल कर दिया। ग्राम गौरा निवासी सुशीला बाई (50) पति सीताराम लोधा ने शिकायत दर्ज कराई कि गत दोपहर वह अपने पति के साथ खेत पर थी। तभी पुराने विवाद को लेकर गांव के ही निरंजन लोधा, चंदन सिंह, मथरी बाई और सीमा बाई आ धमके। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए महिला से लाठी और हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की, जिससे उसके पैर में चोट आई।

सकतपुर के मंदिर में वारदात

दानपेटी समेत तांबे-पीतल के बर्तन और घंटे भी समेट ले गए चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला मुख्यालय से सटे ग्राम सकतपुर स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में बीती रात बेखौफ बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। अज्ञात चोर मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अंदर घुसे और दानपेटी के साथ-साथ भगवान की पूजा-अर्चना में इस्तेमाल होने वाले कीमती पीतल व तांबे के बर्तन और पीतल के घंटे चुराकर ले गए।

सुबह पूजा करने पहुंचे पुजारी को ताले टूटे मिले

घटना की जानकारी गुरुवार सुबह तब सामने आई, जब मंदिर के नियमित पुजारी हमेशा की तरह सुबह लगभग 7:30 बजे पूजा-अर्चना करने पहुंचे। मंदिर प्रांगण में प्रवेश करते ही उन्हें मुख्य दरवाजे के ताले टूटे हुए दिखे। अनहोनी की आशंका के चलते पुजारी ने जब अंदर जाकर देखा तो गर्भगृह से पूजा का सामान और दानपेटी नदारद थी। पुजारी ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय श्रद्धालुओं और शाम के पुजारी को दी, जिसके बाद मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

12 से 15 हजार रुपए के सामान पर साफ किया हाथ

चोरी गए सामान में मंदिर में टंगे दो बड़े पीतल के घंटे, आरती के दीपक, झालर और पूजा में इस्तेमाल होने वाली तांबे-पीतल की सामग्रियां शामिल हैं। साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ावे की राशि से भरी दानपेटी भी बदमाश अपने साथ ले गए हैं। प्राथमिक अनुमान के अनुसार करीब 12 से 15 हजार रुपये मूल्य की सामग्री और नकदी चोरी हुई है। घटना से श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश है। पीड़ित पुजारी ने मामले की लिखित शिकायत कैंट थाना पुलिस में दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने चोरों की सुरागकशी शुरू कर दी है।

ग्राम बिलोनिया के छात्र का इंडियन आर्मी में चयन



गुना। विकास खंड गुना के ग्राम बिलोनिया के 18 वर्ष के युवा कान्हा यादव का भारतीय सेना में चयन होने पर ग्राम में उत्सव का माहौल रहा। कान्हा यादव एक किसान परिवार से हैं अभी कक्षा 12 के छात्र है उनका चयन कक्षा दसवीं की योग्यता के आधार पर किया गया है। कान्हा यादव कबड्डी खेल में विशेष रुचि रखते हैं। उनके चयन पर गांव के लोगों ने तथा शासकीय हाई स्कूल बिलोनिया के प्राचार्य सुन्दर सिंह परिहार एवं सतीश शर्मा, सुनील रघुवंशी, कल्पना शर्मा, प्रीति पंड्या एवं समस्त छात्र- छात्राओं द्वारा बधाई बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

बिजली का खंभा गाड़ने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, क्रॉस मामला दर्ज

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शहबाजपुर में बिजली का खंभा गाड़ने और उसे सीधा कराने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। इस खूनी संघर्ष में महिला समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुँचे, जहाँ पुलिस ने परस्पर शिकायतों के आधार पर क्रास केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रथम पक्ष के बलराम यादव (50) का आरोप है कि खेत में खंभा गाडने की बात का विरोध करने पर गाँव के ही हरिराम यादव, अरविंद और जगमोहन ने गाली-गलौज करते हुए उन पर डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए उनके बेटे राजकुमार, पत्नी कृष्णा बाई, भाभी श्याम बाई और भतीजे राजीव के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उनके सिर व हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आईं और हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वहीं दूसरे पक्ष के हरिराम यादव (57) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे घर के पास टेढ़े हो रहे बिजली के खंभे को सीधा करवा रहे थे। इसी बात को लेकर जगराम, राजकुमार, सरवन और बलराम यादव ने मजदूरों को भगा दिया और विरोध करने पर लाठियों से हमला बोल दिया।

आधुनिक भारत के प्रणेता राजीव गांधी को कांग्रेस ने किया याद

जयंती पर लिया सद्भावना एवं विकास के मार्ग का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांग्रेस भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा और बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल ने उनके योगदान को याद किया और अपने विचार व्यक्त किए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी आधुनिक भारत के सच्चे प्रणेता थे।

देश में पंचायती राज व्यवस्था को लागू करने का श्रेय उन्हीं को जाता है, जिससे ग्रामीण भारत को मजबूती मिली। राजीव गांधी ने 18 वर्ष की आयु में युवाओं को मताधिकार की सौगात दी और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संविधान संशोधन के माध्यम से आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया। वे जीवनभर विश्व शांति के लिए प्रयासरत रहे और देश की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। यही कारण है कि उनकी



जयंती को पूरे देश में सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल ने कहा कि राजीव गांधी ने मात्र 40 वर्ष की आयु में देश के प्रधानमंत्री का पद संभाला था। उस समय देश के सामने कई चुनौतियां थीं, लेकिन उन्होंने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए आधुनिक भारत की नींव रखी। भारत को संचार और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जोड़ने का श्रेय राजीव गांधी को ही जाता है। उनका सपना एक ऐसा भारत बनाने का था जहाँ युवा केवल नौकरी मांगने वाला न बने, बल्कि नौकरी देने वाला बने। उन्होंने संविधान के सम्मान, आम नागरिकों के अधिकारों, सार्वभौमिक शिक्षा और पंचायती राज के माध्यम से ग्रामीण विकास की अवधारणा को धरातल पर उतारा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के आदर्शों पर चलने और उनके द्वारा दिखाए गए सद्भावना व विकास के मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

आज गुना में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 82वी जन्म जयंती जिला कांग्रेस कमेटी राजीव गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय पर राजीव जी के चित्र पर श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर सम्माननीय बमौरी विधायक ऋषि अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर विजयवर्गीय, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश पिंकू शर्मा, संगठन महासचिव एड. पंकज कनेरिया, नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ, ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर कुशवाह, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश शर्मा नंदू, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत रमेश सैंडो, आलोक नायक, कैलाश यादव, रिटा. टीआई सत्यप्रकाश वर्मा, पूर्व पार्षद वीरेंद्र शर्मा, निशांक जैन जिम्मी, सेवादल अध्यक्ष राजू शाक्य, राजू जाटव पार्षद, नरेंद्र कुशवाह पार्षद, मनोज तिवारी, रामजीवन भार्गव, राकेश शिवहरे, मंडल अध्यक्ष अनीश खान, नरेंद्र कुशवाह रिटा. शिक्षक बृजलाल जाटव ठेकेदार, पर्वत यादव, मंडल अध्यक्ष बनवारी ओझा,पूर्व पार्षद खालिद बंटी, सरपंच जयपाल सिंह जाट, मंडल अध्यक्ष आर्यन, इरशाद, मंगल सेलर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता साथीजन उपस्थित रहे।

झगड़ा प्रथा के फेर में कटी 1 बीघा फसल

दूसरी शादी के बाद भी झगड़ा की मांग पर अड़े ससुराल पक्ष ने मचाया उपद्रव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के मृगवास थाना अंतर्गत सानई पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम कागल्यापुरा में सामाजिक कुरीति झगड़ा प्रथा को लेकर एक मामला सामने आया है। पहली पत्नी को छोड़कर दूसरी शादी रचाने वाले पति ने अपने जीजा के साथ मिलकर पीड़ित परिवार की एक बीघा फसल हसिया से काटकर भारी नुकसान पहुंचाया। आरोपी लगातार झगड़ा (आर्थिक क्षतिपूर्ति) दिलवाने का दबाव बना रहे हैं।

ग्राम कागल्यापुरा निवासी वीरम भील (40) ने पुलिस को बताया कि उनके काका गोपाल भील की बेटी संगीता की शादी 6 साल पहले रघुवीर भील निवासी चारखेड़ा राजस्थान से हुई थी। 6 महीने बाद रघुवीर ने संगीता को भगाकर दूसरी शादी कर ली, जिसके बाद परिजनों ने संगीता का दूसरा विवाह राजस्थान के तेलनी में करा दिया।

पुरानी रंजिश पर मारपीट

इसी बात से रंजिश रखते हुए गत रात करीब 11 बजे रघुवीर अपने जीजा रामस्वरूप भील के साथ खेत पर पहुंचा। दोनों आरोपियों ने झगड़ा प्रथा के तहत रुपयों का विवाद सुलझाने का दबाव बनाया। इंकार करने पर गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने हसिया से 1 बीघा खड़ी फसल काट डाली, जिससे फरियादी को करीब 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ। विरोध करने पर आरोपी दोबारा नुकसान पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

समाचार संक्षेप

गोस्वामी तुलसीदास जयंती व त्रिदिवसीय प्रतिभा सम्मान समारोह का समापन



गुना। गोस्वामी तुलसीदास जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का त्रिदिवसीय आयोजन इंजी. एसके राजोरिया के नेतृत्व में हर्ष और उल्लास के साथ समपन्न हुआ। मुख्य अतिथि वंदना त्रिपाठी व्यवहार न्यायधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अध्यक्षता सर्वेश चतुर्वेदी जिला विधिक सहायता अधिकारी व समाज की ओर से शिवचरणलाल शर्मा पंराठ मंच पर विराजमान रहे। मां सरस्वती गोस्वामी तुलसीदास की पूजा एवं दीपक प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। ईजी. एसके राजोरिया ने कहा प्रतिभा सम्मान मे हमने सभी स्कूलों के सभी समाज के बालक, बालिकाओं को समिल किया है। जिन्होंने मप्र की 10वीं व 12वीं की प्रवीण सूची मे स्थान प्राप्त किया है। इसके आलवा 90% से उपर अंक लाने वाले सर्व ब्राह्मण समाज के बालक/बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सभी समाजिक बन्धु ओ ने सराहना की। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष डॉ ओपी बिरथरे, उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा; सयुंक्त सचिव दिनेश शर्मा अभिषेक शर्मा; हितवल्लभ शुक्ला, अवस्थी, अनिल शर्मा गेल; महिला ईकाई अध्यक्षआशा शर्मा; सचिव चिंतामणि शर्मा; हेमलता बिरथरे, सपना शर्मा, युवा अध्यक्ष राकेश शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

राशन नहीं मिलने और अभद्र व्यवहार का आरोप, कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

चाचौड़ा। ग्राम पिपल्यामोती की एक पात्र हितग्राही ने शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक पर अप्रैल 2026 से राशन वितरण नहीं करने, अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौज करने तथा धमकी देने के आरोप लगाए हैं। मामले में हितग्राही ने कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार ग्राम पिपल्यामोती, तहसील चाचौड़ा निवासी रोड़ी बाई पत्नी तुफान सिंह भील स्वयं को पात्र हितग्राही बताते हुए कहा है कि वह शासकीय उचित मूल्य दुकान से मिलने वाले राशन के आधार पर अपने परिवार एवं बच्चों का पालन-पोषण करती है। उनका आरोप है कि उचित मूल्य दुकान के संचालक, विक्रेता द्वारा अप्रैल 2026 से अगस्त 2026 तक उन्हें राशन वितरित नहीं किया गया। हितग्राही ने आरोप लगाया कि राशन लेने के लिए दुकान पर जाने पर संचालक द्वारा प्रत्येक माह केवल एक पर्ची थमा दी जाती है। पर्ची लेकर राशन मांगने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। शिकायतकर्ता का कहना है कि समय पर राशन नहीं मिलने के कारण उनके परिवार के सदस्यों एवं बच्चों के समक्ष भोजन की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे परिवार मानसिक एवं आर्थिक परेशानी से गुजर रहा है। उन्होंने दुकान संचालक के कृत्य को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 एवं मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 का उल्लंघन बताया है।हितग्राही ने कलेक्टर से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दुकान संचालक के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने, अप्रैल 2026 से अब तक का बकाया राशन तत्काल उपलब्ध कराने तथा भविष्य में बिना किसी भेदभाव के समय पर राशन वितरण सुनिश्चित कराने की मांग की है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की बैठक में कलेक्टर के दिशा-निर्देश

स्वच्छता में सुधार केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि परिणाम भी दिखाई देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम अखिलेश जैन सहित नगर पालिका से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा स्वच्छता व्यवस्था में सुधार के लिए केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि परिणाम दिखाई देना चाहिए।

उन्होंने कहा हमें सफाई के क्षेत्र में अच्छा काम करना है, इस भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मित्रों के साथ नियमित संवाद करें, उनकी समस्याओं को समझें और उनके कार्य में आने वाली कठिनाइयों का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने माइंडसेट में बदलाव लाते हुए नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। कलेक्टर कन्याल ने वार्डवार सफाई व्यवस्था की जानकारी लेते हुए प्रत्येक वार्ड में उपलब्ध सफाई वाहनों, कचरा संग्रहण व्यवस्था एवं उनके निर्धारित रूट की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सीएमओ गुना द्वारा बताया गया कि शहर में प्रतिदिन तीन बार वाहनों के माध्यम से कचरा संग्रहण का कार्य कराया जा रहा है।

कलेक्टर ने कचरा संग्रहण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए एक दिन छोड़कर कचरा संग्रहण की व्यवस्था लागू करने के संबंध में प्रभावी स्ट्रेटेजी तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने गाय-भैंस के तबेलों से निकलने वाले अपशिष्ट के लिए भी अलग से कचरा संग्रहण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशु अपशिष्ट को सामान्य कचरे के साथ मिलाने के बजाय उसके लिए पृथक व्यवस्था विकसित की जाए। कलेक्टर ने सभी नपा अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक नगरीय निकाय में एक विस्तृत चार्ट तैयार किया जाए, जिसमें कुल घरों की संख्या, उपलब्ध कचरा संग्रहण वाहनों की संख्या, प्रत्येक वाहन का रूट तथा प्रतिदिन किए जा रहे कचरा संग्रहण की स्थिति स्पष्ट रूप से दर्ज हो। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, जिससे यह पता चल सके कि प्रत्येक क्षेत्र में कचरा संग्रहण निर्धारित समय एवं रूट के अनुसार हो रहा है या नहीं।

पीएचडी उपाधि प्राप्त होने पर महाविद्यालय ने दो शिक्षकों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

शासकीय महाविद्यालय राधौगढ़ में डॉ आशीष दुबे और डॉ. मीना मेवाड़े को पीएचडी उपाधि प्राप्त होने पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माया परस्ते द्वारा सम्मानित किया गया। यह प्रथम अवसर हैकि महाविद्यालय में दो पीएचडी उपाधि एक साथ प्राप्त हुई।

डॉ मीना मेवाड़े ने सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी भोपाल एवं डॉ आशीष दुबे मोनाद यूनिवर्सिटी हापुर उत्तर प्रदेश से डिग्री प्राप्त की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माया परस्ते ने दोनों पीएचडी उपाधि धारको को आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ. वीपी.मीणा, डॉ पूनम नामदेव, प्रो हीरालाल पटेल , डॉ राजीव शर्मा, डॉ रजनी शर्मा, डॉ सोनाली सक्सैना, डॉ. विजय सिंह कुशवाह , डॉ. निसार अहमद गनी, रिंकी जादव, के साथ अन्य शैक्षणिक एवं गैर- शैक्षणिक स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

रामायण की एक-एक चौपाई व्यक्ति के जीवन का उद्धार करती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



साध्वी प्रियंका भारती द्वारा अपने ओजस्वी व्याख्यान में परहित सरिस धरम नहि भाई। पर पीड़ा सम नहि अधमाई। दूसरों का भला करना सबसे अच्छा धर्म है दूसरों को कष्ट देना इससे बड़ा कोई पाप नहीं है। तुलसीदास का चरित्र एवं उनके द्वारा लिखी गई रामायण के प्रत्येक कांडों का प्रमुख महत्व रामायण की एक-एक चौपाई व्यक्ति के जीवन का उद्धार करती है। मानस भवन समिति की प्रशंसा की एवं विवेक गर्ग ने बताया समिति के अध्यक्ष किशोर कुमार कन्याल कलेक्टर ने युवा कैसा होना चाहिए जिसे भारत को श्रेष्ठ बनाना है जिसमें सेवा, सहनशीलता एवं देशभक्ति की भावना हमें रामायण में मिलती है जिसे जीवन में धारण करना चाहिए। तत्पश्चात सदन के द्वारा वंदे मातरम गीत का गायन हुआ। उपाध्यक्ष निकलंक जैन द्वारा अपने शब्दों के द्वारा सभी का स्वागत किया। समिति के पदाधिकारी निकलंक जैन उपाध्यक्ष, सुनील अग्रवाल मंत्री, एवं प्रदीप तायल कोषाध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं दुपट्टा पहनाकर किया। प्राचीन शिव मंदिर पुजारी कौशलपुरी महाराज, कृष्ण मुरारी शर्मा, राज नारायण, मनोज शर्मा, धर्मवीर शर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, महेश शर्मा, नरेंद्र अवस्थी, प्रमोद भार्गव का सम्मान एवं बाल संस्कार शिविर के प्रशिक्षक वाचस्पति बेनी प्रसाद शास्त्री एवं आचार भुवन मोहन वशिष्ट का सम्मान सूत माला, दुपट्टा, हार, स्मृति चिन्ह एवं भेंट देकर समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।

सद्भावना दिवस पर कन्या कॉलेज चाचौड़ा में विविध कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़।

शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रानी शाक्य के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय की छात्राओं ने भाषण, स्लोगन सहित विभिन्न विधाओं में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने सद्भावना, आपसी भाईचारे, एकता एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार की ओर से डॉ. गोरेलाल बीसोरिया, विनोद कुमार छारी, संदीप कुमार एवं नीलू माझी सहित महाविद्यालय की छात्राएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपसी सद्भाव, भाईचारे एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना रहा।

ऊमरी की महिलाओं द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पाद कलेक्टर को किए भेंट

गुना। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनएवं शक्तिशाली महिला संगठन समिति के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल से सौजन्य भेंट की। इस बैठक में शैलेन्द्र समुद्रे, डी.पी. कमठान , मुंबई फाउंडेशन से माला मिरचंदानी तथा शक्तिशाली महिला संगठन समिति से रवि गोयल एवं श्रद्धा जादौन विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कन्याल को अवगत कराया कि सीएमएस फाउंडेशन एवं शक्तिशाली महिला संगठन समिति के संयुक्त तत्वावधान में ऊमरी गांव की 200 स्व-सहायता समूह की दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विशेष कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान दीदियों द्वारा तैयार किए गए पारंपरिक लोक कला से बने उत्पाद कलेक्टर कन्याल को उपहार स्वरूप भेंट किए गए।

अशोकनगर में कांग्रेस कमेटी और सेवादल ने सदभावना यात्रा निकाली



अशोकनगर। सद्भावना दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी और सेवादल द्वारा यात्रा का आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती (सद्भावना दिवस) के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य सद्भावना यात्रा का आयोजन किया गया।

यह यात्रा शहर के लव-कुश मंदिर से प्रारंभ होकर तार वाले बालाजी मंदिर तक बड़े ही गरिमामय माहौल में निकाली गई इस यात्रा की सबसे विशेष और दर्शनीय बात यह रही कि इसमें विभिन्न साधु-संतों की उपस्थिति नजर आई, जिन्होंने समाज में शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा राजीव गांधी के विचारों और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया गया। प्रमुख गतिविधियां एवं श्रद्धांजलि सभा सद्भावना यात्रारू लव-कुश मंदिर से प्रारंभ होकर तार वाले बालाजी मंदिर तक निकाली गई, जिसमें साधु-संतों के साथ सैकड़ों कांग्रेसजन शामिल हुए श्रद्धांजलि अर्पणरू यात्रा के समापन के बाद सभी कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जहां स्वर्गीय राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

संगोष्ठी व विचार-विमर्श कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने राजीव गांधी जी को आधुनिक भारत और सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति का जनक बताते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। प्रमुख जन-प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य रूप से उपस्थित पदाधिकारियों मेंस कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा, कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा पंडा वरिष्ठ गिरीश जैन, अशोक शर्मा बड़े भैया, सौदागर सिंह सिख, ख़लक सिंह, मनोज शर्मा भैया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सुराणा, पार्षद किरण कुशवाहा, देनप अध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी, शाडोरा ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी, सुधीर शर्मा, शिवचरण शर्मा, रामकुमार लोधी, ऋषिकेश शर्मा सहित विभिन्न पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे।



तुलसीदास जयंती विविध कार्यक्रमों के साथ मनाई, पुरस्कार भी किए प्रदान

अशोकनगर। संत शिरोमणि तुलसीदास की जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। सुबह 8 बजे रघुवंशी परिषद व ब्रहाम्ण समाज के समाजजनों ने मिलकर तुलसी पार्क पर तुलसीदास की प्रतिमा पर पूजन अर्चना किया। इसके बाद शाम को माधव भवन में बच्चों के लिए एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मानस से संबंधित प्रश्नों को रखा गया। तात्कालिक प्रश्नोत्तर का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चियों ने बच्चों ने बहुत ही शानदार प्रश्नों का उत्तर दिया तत्पश्चात महिलाओं द्वारा मानस गान रामचरित मानस की चैपाइयों का गायन किया। जिसमें महिलाओं ने अपना बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इसके पश्चात शहर की विद्वत जनों ने मानस के विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रकट किए जिसमें महिलाओं ने भी अपने वक्तव्य दिए। जिसमें योग्यता दुबे श्रेयांशी शर्मा कविता साहू वहीं पुरुष वर्ग में भी बहुत ही अच्छा व्याख्यान दिया गया। जिसमें विष्णु शर्मा, प्रवीन शर्मा, चंद्रशेखर साहू, भानु रघुवंशी आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम मे दिनेश विरथरे अशोक शर्मा ने भी भाग लिया। इसके बाद महेश शर्मा ने लोगों का अभिवादन किया। तत्पश्चात गौ सेवकों का भी सम्मान किया गया। इसके बाद प्रतिभागियोंको पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपेंद्र पारसर, सत्येंद्र रघुवंशी, रामकुमार शर्मा ने किया।

समरसता संकल्प अभियान अंतर्गत कलश वंदन यात्रा का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

संत शिरोमणि रविदास की 650 वीं की जयंती के अवसर पर गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान अन्तर्गत गुरूवार को जनपद पंचायत भवन अशोकनगर में कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर साकेत मालवीय,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत माधुरी पटेल,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव,संत रविदास ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश,जनपद पंचायत सदस्य अमान सिंह आदिवासी द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं कलश पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम का आज शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज के बताए मार्ग का अनुसरण करने और जीवन में उनके विचारों को धारण करने का आह्वान किया। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज ने भारत को एक करने का कार्य किया। संत रविदास जी ने समाज को समरसता,मानव सभ्यता का संदेश दिया। संत रविदास ने कर्म करते हुए सदैव अपने मन में भक्ति भाव को बनाए रखा। हमारे साधु-संतों ने सामाजिक समरसता की इस पताका को अपने हाथों में थामा और समरसता के विचार को आगे बढ़ाया। साथ ही समरसता रथ को निर्धारित रूट अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संत शिरोमणि रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सचिव जगदीश अवस्थी ने किया तथा आभार प्रदर्शन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव ने किया।

राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



अशोकनगर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 82वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को नई सराय कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन विचार और देश के प्रति योगदान को याद किया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक तकनीक, दूरसंचार, कंप्यूटर क्रांति और पंचायती राज जैसी अनेक महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए जिनका लाभ आज देश को मिल रहा है कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिशुपाल सिंह, किसान कांग्रेस अध्यक्ष रितेश रघुवंशी, अमरोद जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।इसके अलावा महिदपुर मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह रघुवंशी, डुंगासरा मंडल अध्यक्ष सिरनाम सिंह, आई टी शेल नितिन रघुवंशी, देवेंद्र अहिरवार, रानू सिंगाखेड़ी, हेमराज रांठ, प्रकाश परिहार सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहे। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी जी के बताएं मार्ग पर चलने और देश की एकता प्रगति एवं जनहित के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।


एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



अशोकनगर। शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रेणु राजेश के नेतृत्व में ग्रंथालय विभाग के गौरीशंकर गुप्ता दिलीप शर्मा एवं सुरेन्द्र लोधी आदि अन्य शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ की स्मृति एवं सम्मान में एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण को स्वच्छ हरा-भरा एवं सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया।

यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीष चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तुमराची धुर्वे के निर्देशन में आमजन को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना एवं नियमों का प्रभावी पालन के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शुभम द्विवेदी द्वारा बस स्टैंड के पास मोबाइल कोर्ट लगाया गया।

मोबाईल कोर्ट के माध्यम से सवारी बस, ट्रक एवं ट्रेक्टर जैसे वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले 06 वाहनों पर दंडात्मक कार्यवाही की गई। लोगों को मोबाईल कोर्ट के माध्यम से ट्रेफिक नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई एवं लोगों को बताया गया कि ट्रेफिक नियमों का उद्देश्य लोगों को दंडित करना नही है बल्कि उनकी जीवन की सुरक्षा एवं दुर्घटना को रोकना है। मोबाईल कोर्ट के आयोजन में ट्रेफिक पुलिस के प्रभारी अजीत नरवरिया एवं उनकी टीम ने भी भूमिका निभाई।

राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम

ईसागढ़। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ईसागढ़ द्वारा भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अवधेश लोधी जाजन खेड़ी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके बाद जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र रघुवंशी सहित उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व.राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मानवेन्द्र सिन्हा ने राजीव गांधी के जीवन और उनके देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके कार्यकाल में कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा मिला और युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इस अवसर पर विश्वजीत यादव ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता और दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने देश को तकनीकी प्रगति और विकास की नई दिशा दी। नथन सिंह महोबिया ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। रविन्द्र यादव राजगढ ने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को आगे बढ़ाने और देश को 21वीं सदी के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम के अंत में पन्नालाल सेन ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कृपाण सिंह लोधी, राजा सिंह, लाल कांकर, रामपाल केवट, रघुवीर सिंह, दुष्यंत लोधी,अंतर सिंह जिठौल, अरविंद यादव खमखेड़ी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर म०प्र०
क्र/री1/2026/2221
अशोकनगर दिनांक 20/08/2025
// विज्ञप्ति //
एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुमित अग्रवाल पुत्र गोपालकृष्ण अग्रवाल निवासी पुरानी गल्ला मण्डी गुना अपनी माँ शोभा अग्रवाल पुत्री रामेश्वर दयाल अग्रवाल की जन्म / दिनांक 05/05/1958 को होना बताया है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र बनवाये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। जिसमे किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह कार्यालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर मे उपस्थित होकर दिनांक 27/08/2026 तक प्रस्तुत करे। बाद म्याद गुजरने के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। यह विज्ञप्ति पत्र दिनांक 20/08/2026 के मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।
तहसीलदार
तहसील अशोकनगर

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी दीपक कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बामौरीताल निवासी बीरन अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहन सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंघपुर चाल्दा निवासी बृजेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शेर सिंह यादव ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयापुरा निवासी अंकुर दुवे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल, आनंद और आकाश चंदेल ने लोहे के पाईप से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सावलहेडा निवासी राजन यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्ला लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा निवासी दौलत सिंह केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राम सिंह और हंसिका बाई केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

सर्प दंश से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतग्रत मोहर सिंह पुत्र तुलईराम आदिवासी उम्र 35 साल निवासी जारौली बुजुर्ग जब अपने खेत में दवा का छिड़काव कर रहा था तभी उसे सर्प ने डस लिया,जिसे उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई।

हाईड्रा वाहन की टक्कर से 3 वर्षीय बच्चे की मौत

अशोकनगर। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत हाईड्रा वाहन क्रमांक एचआर 51 सीएम 4320 के चालक ने ग्राम नैथाई के पास ढाकौनी रोड़ पर आनंदपुर ट्रस्ट के समीप अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर राज पुत्र राकेश केवट उम्र 3 साल निवासी नैथाई को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन आज

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 21 अगस्त को जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत कजराई में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय सहित जिला अधिकारी एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं को सुनेगें तथा मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करें।

कलश वंदन कार्यक्रम का आयोजन आज

अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को दोपहर 1 बजे से स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में कलश वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी निशांत खरे उपस्थित होंगे।

आवेदन करने की अंतिम तिथि 01 सितम्बर

अशोकनगर। शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत रामेश्वरम तीर्थ यात्रा हेतु जिला अशोकनगर को 196 तीर्थ यात्रियों का बर्थ कोटा आवंटित किया गया है। रामेश्वरम तीर्थ यात्रा हेतु तीर्थ यात्री 01 सितम्बर 2026 तक आवेदन कर सकते है। शहरी क्षेत्र के इच्छुक तीर्थ यात्री तीर्थयात्रा हेतु आवेदन नगरपालिका/नगर परिषद कार्यालय में तथा ग्रामीण क्षेत्र के तीर्थयात्री मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है।

अशोकनगर की जनता की प्यास बुझाने वाले अमाही जलाशय में 23 में से 12 फीट पानी पहुंचा

जिले के 33 तालाबों में 11.42 प्रतिशत पानी आया अधिकांश तालाब पानी की कमी से झूझ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

एक ओर प्रदेश में कई जिलों में वर्षा रिकार्ड तोड़ हो रही है वहीं अशोकनगर जिले में वर्षा की गति धीमी है। वर्षा के अभाव में जिले के 33 तालाबों में से एक भी तालाब में 100 प्रतिशत पानी नहीं आया है। सभी तालाब पानी की कमी से झूझ रहे हैं। सावन का महीना चल रहा है मघा नक्षत्र है उसके बाबजूद भी जिले में पानी की लगातार कमी बनी हुई है, अगस्त का पहला पखवाड़ा व्यतीत हो गया है। दूसरा पखवाड़ा व्यतीत होने में 10 दिन शेष बचे हैं। जिले में भले ही फसलों की दृष्टि से टुकड़ों में बारिस हो गई हो लेकिन झमाझम बारिस न होने से जिले के सारे जलाशय पानी की कमी से खाली पड़े हैं।

अशोकनगर जिले में तालाबों की यह ताजा जानकारी जल संसाधन विभाग के आंकड़ो के अनुसार है, उपयंत्री श्रृद्धा विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में एक भी तालाब न तो 100 प्रतिशत वाला न 90 प्रतिशत न 75 प्रतिशत पानी वाला है। 50 प्रतिशत से अधिक पानी मात्र दो तालाबों में आया है। 25 प्रतिशत से अधिक पानी भी मात्र 2 तालाबों में पहुंचा है। 10 प्रतिशत पानी 10 तालाबों में आया है। जबकि 10 प्रतिशत से कम पानी 7 तालाबों में पहुंचा है। 11 तालाब ऐसे हैं जहां पानी ब्लो स्तर पर है। अशोकनगर जिला कृषि प्रधान जिला है, यह तालाब जल स्तर को बढाने में मददगार हैं लेकिन इस बार जिले में 4 तहसीलों में मुंगावली और चन्देरी में तो वर्षा ठीक है लेकिन अशोकनगर और ईसागढ तहसील में वर्षा की गति धीमी है जिसके कारण जल स्त्रोतों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आया है। अशोकनगर शहर के अंदर बहने वाला तुलसी सरोवर और पछाड़ी खेडा डेम दोनो ही खाली पड़े हैं।



पानी की कमी से जूझते तालाब, 50 प्रतिशत से अधिक पानी मात्र दो तालाबों में आया

जिले के कौंचा डेम में पानी का जल स्तर 62.48, मोला डेम में 60.94, अमाही डेम में 24.01, बरखेडा छज्जू डेम में 0 प्रतिशत, जमाखेडी डेम में 24.08, मढी कानूनगो डेम में 27.75 प्रतिशत, पछाडी खेडा तालाब में 0 प्रतिशत, तुलसी सरोवर में 0 प्रतिशत, अनराई डेम में 0 प्रतिशत, बनैट तालाब में 0, भरौली तालाब में 3.85, ढाकोनी तालाब में 6.84, ईदौर तालाब में 0 प्रतिशत, जलेश्वर तालाब में 0, कढवाया फीडर में 8.89, कढवाया टैंक में 20.63, मुढेरी टैंक में 0, नरसूखेड़ी टैंक में 8.23, पचलाना टैंक में 20.42, सर्करा टैंक में 0, साहपुर तालाब में 19.32, श्यामाटोरी टैंक में 18.67, केशोपुर टैंक में 0, प्यासी टैंक में 0 प्रतिशत, साजनमउ टैंक में 11.32, उमरिया डैम में 3.96, फतैहाबाद टैंक में 0.44, कुंवरपुर टैंक में 14.89, मोहनपुर टैंक में 11.07, नयाखेड़ा टैंक में 48.35 प्रतिशत, रामनगर टैंक में 9.67, सिंगपुर चाल्दा तालाब में 0 और विक्रमपुर तालाब में 11.71 प्रतिशत पानी आया है। औसत रूप से जिले के इन तालाबों में 11.42 प्रतिशत ही पानी आया है।

नपा अध्यक्ष ने अमाही तालाब में जलस्तर देखा

जिले के एक मात्र अमाही तालाब के द्वारा अशोकनगर शहर के नागरिकों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाता है इस तालाब का जल स्तर की क्षमता 23 फीट है जिसमें अभी 12 फीट पानी आया है। गतवर्ष औसत से अधिक वर्षा होने के कारण पानी अधिक मात्रा मे आया था और पानी की निकासी करना पड़ी थी। पानी की कमी की चिंता को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया अमाही जलाशय का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने देखा कि तालाब की 23 में से 12 सीड़ियां डूबी हैं जो इस बात का प्रतीक है कि 12 फीट पानी आ गया है।

जिले में वर्षा के आंकड़े

जिले में अगर वर्षा के आंकडों पर नजर डाली जाए तो जिले की चार तहसीलों में से सिर्फ मुंगावली तहसील ऐसी हैं जहां 668 मिलीमीटर वर्षा हुई है। दूसरे स्थान पर चंदेरी तहसील है जहां 551 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जबकि सबसे कम ईसागढ तहसील में 304 मिलीमीटर वर्षा हुई है उसके बाद अशोकनगर तहसील है जंहा 383 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले की 4 तहसीलों को मिलाकर औसत वर्षा के रूप में 882 मिलीमीटर वर्षा की जरूरत है। जिसकी तुलना में अभी तक 476 मिलीमीटर वर्षा हुई है वर्षा जिले में कई दिनों से थमी है। जिसके कारण तालाबों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। अशोकनगर तहसील में 850 मिलीमीटर वर्षा होती है। गतवर्ष 841 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। जिसकी तुलना में इस वर्ष 458 मिलीमीटर कम पानी गिरा है। जबकि चन्देरी तहसील में 1000 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है यहां गतवर्ष 1247 मिलीमीटर वर्षा हुई थी इस वर्ष 696 मिलीमीटर कम हुई है यहां वर्षा का प्रतिशत 55.10 है। इसी प्रकार ईसागढ तहसील में 878 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है। यहां गतवर्ष 1188 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। आज दिनांक तक यहां 304 मिलीमीटर वर्षा हुई है जो कुल वर्षा का 34.62 प्रतिशत है और मुंगावली तहसील में 800 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है। गत वर्ष यहां 1242 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। इस वर्ष अब तक 668 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। यहां वर्षा का प्रतिशत 83.50 है। जिले में अब तक औसत वर्षा 54.02 प्रतिशत हुई है। जिले को अभी 46. प्रतिशत वर्षा की और जरूरत है।

वाहन चालक होते रहे परेशान

दो दिनों से राशन दुकान बंद रहने के विरोध में उपभोक्ताओं ने पुल पर जाम लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गुरूवार को शहर के राशन उपभोक्ताओं का धेर्य उस समय टूट गया जब राशन विक्रेता की दुकान का लगातार दो दिन इंतजार करने के बाद भी दुकान नहीं खुली, और उन्हें इंतजार महंगा पड़ा तब उन्होंने सामुहिक रूप से स्वराज चैराहे के पास ओवर ब्रिज जाने वाले मार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया और रास्ता बंद कर दिया। जिससे लोग परेशान होते रहे।

जब इस बात की सूचना खाद्य विभाग के अधिकारियों को मिली तब वह मौके पर पहुंचे, इस दौरान दुकानदारों का कहना था कि वह पिछले दो दिनों से लगातार दुकान पर राशन लेने आ रहे हैं लेकिन दुकान नहीं खुल रही है न तो दुकानदार की ओर से कोई दुकान खुलने की सूचना दी गई है और न ही कोई कारण बताया जा रहा है। जिसके कारण उन्हें पूरा दिन इंतजार करने में निकल जाता है। राशन उपभोक्ता पुल के साथ साइड वाली सड़क पर भी बैठ गए जिससे पूरी तरह आवागमन बंद हो गया। यातायात पुलिस और सिटी कोतवाली के टीआई रविप्रताप सिंह चैहान भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी प्राची शर्मा द्वारा राशन दुकान विक्रेता श्यामाप्रसाद मुखर्जी भंडार वार्ड क्रमांक 3 के विक्रेता रोचक शर्मा को बुलाया गया और पूछा गया कि उनके द्वारा दो दिन से दुकान को क्यों नहीं खोला गया, तब विक्रेता का कहना था कि पिछले दो दिनों से सर्वर नहीं मिल रहे हैं। उपभोक्ता आते हैं लेकिन सर्वर नहीं मिल पाने के कारण उनको राशन देना संभव नहीं है। उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए प्राची शर्मा ने बताया कि विक्रेता रोचक शर्मा को उक्त दुकान से हटाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। उनके द्वारा किसी तरह की सूचना दुकान के बाहर क्यों नहीं लगाई, उपभोक्ताओं को जानकारी क्यों नहीं दी गई।





विद्यार्थियों के जीवन से मोबाइल व सोशल मीडिया के नशे से दूर करने के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों ने बीणा उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान के दौरान अशोकनगर जिले की सभी तहसीलों में जिसमें-चंदेरी, ईसागढ़, पिपरई ,बहादुरपुर चारों तहसीलों में लगभग 70 विद्यालयों एवं महाविद्यालय में यह कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें - विद्यार्थियों को मोबाइल एवं सोशल मीडिया एव व्यसन से मुक्त कराने हेतु एक विशेष जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया। डिजिटल युग में तकनीक के अति प्रयोग से विद्यार्थियों की एकाग्रता स्वास्थ्य और पढ़ाई पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए ब्रह्माकुमारी बहनों ने इस लत को छुड़ाने का बीड़ा उठाया है कार्यक्रम के दौरान दीदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि- मोबाइल और सोशल मीडिया का सीमित उपयोग ज्ञान वर्धन के लिए होना चाहिए ना कि समय और ऊर्जा व्यर्थ गवाने के लिए। इसके साथ दीदी ने प्रेरणा देते हुए कहा कि- इस विद्यार्थी जीवन में हमें संग का बहुत ध्यान रखना चाहिए क्योंकि



जैसा संग होगा वैसा ही रंग चढ़ेगा

इसलिए बुरे व्यसनों और गलत संगति से बचकर सकारात्मक सोच वाले मित्रों के साथ रहना बेहद आवश्यक है क्योंकि जब हमारा जीवन अच्छा होगा ,तब हमारा परिवार अच्छा होगा, और जब हमारा परिवार अच्छा होगा, तो हमारा समाज अच्छा होगा और जब हमारा समाज अच्छा होगा तो हमारा राष्ट्र महान होगा। क्योंकि एक अच्छी आदत हमें ऊंचाइयों तक ले जा सकती है और एक बुरी आदत हमारी जीवन की दिशा बदल सकती है इसलिए हमें श्रेष्ठ संग करना चाहिए। और विद्यार्थियों को प्रतिदिन डिजिटल डिटॉक्स और मानसिक शांति के लिए सहज राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया । इस पूरे अभियान को सफल बनाने में सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालय के शिक्षकों ने ब्रह्माकुमारी बहनों को अपना अमूल्य समय देकर सहयोग प्रदान किया शिक्षकों ने व्यवस्थाएं संभालने के साथ विद्यार्थियों को इस पहल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और मोबाइल की लत को छोड़कर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने कुसंगति व सोशल मीडिया की लत से दूर रहकर उज्जवल भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।

वूशु प्रतियोगिता में जिले से 38 वूशु खिलाड़ियों का चयन किया गया

अशोकनगर। मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग अशोकनगर द्वारा जिला स्तरीय वूशु प्रतियोगिता का आयोजन रोटरी क्लब में 18-19 अगस्त को किया गया जिसमें जिले कि मुंगावली, चंदेरी, ईशागढ़, अशोकनगर सहित 190 बालक एवं बालिका वूशु खिलाडीयों ने हिस्सा लिया, प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर जूनियर वर्ग में 18 एवं सीनियर वर्ग में 20 खिलाड़ियों सहित कुल 38 खिलाड़ियों को चयनित किया गया। संभागीय वूशु प्रतियोगिता का आयोजन सितम्बर माह में किया जायेगा, प्रतियोगिता का शुभारम्भ रोटरी क्लब के अध्यक्ष विजय चैधरी, रौशन कोहली, एवं अजित जैन ने किया इस दौरान उन्होंने ने वूशु खिलाड़ियों और खेल को हर संभव सहयोग देने और राज्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मनित करने के लिए पहल कि चयनित खिलाड़ियों को जिला शिक्षा खेल अधिकारी मनोज राठौर, शालनी श्रीवास्तव, वूशु के अध्यक्ष दया सिंह संधू, धर्मेंद्र रघुवंशी, सहित वूशु कोच राजकुमार खरे, मुस्ताक खान, विनोद पाल, ब्रजेश धुरेंटे ने बधाइयाँ दीं हैं।



मुख्यमंत्री ने अशोकनगर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित किया

कृषि, पशुपालन और उद्यानिकी को बढ़ावा दे रही सरकार: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषक कल्याण वर्ष में प्रदेश सरकार किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध एवं सशक्तिकरण के लिए कृषि के साथ पशुपालन और उद्यानिकी को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि जय जवान जय किसान के नारे को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी साकार कर रहे है।देश की सीमा में जवान,खेतों में किसान अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर समृद्ध रूप से कार्य कर रहे है।

किसान स्वावलंबन होता है। किसानों को खेती के लिए बिजली, पानी,सड़क की सुविधाएं प्रदेश सरकार दे रही है। खेती से आमदानी बढ़े, इस हेतु प्रदेश के किसान कृषि कार्य के साथ पशुपालन से भी आय अर्जित कर रहे हैं। किसानों को उद्यानिकी, गौपालन,कुक्कुट पालन से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में उद्यानिकी का रकबा 20 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास से अशोकनगर नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में भी प्रदेश के किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। बदलते दौर के अनुरूप पशु नस्ल सुधार जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि अब किसानों को दिन में विद्युत आपूर्ति का लाभ मिल रहा है, जिससे कृषि कार्य को और आसान बनाने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं को भी कृषि, पशुपालन और उद्यानिकी गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। उन्नत गोपालन और डेयरी विकास के कार्यों से युवा बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। उन्होंने किसानों से सामाजिक कुरीतियों को त्यागने, विवाह एवं अन्य प्रसंगों पर अनावश्यक खर्च कम करने, कृषि भूमि नहीं बेचने और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कृषकों को किसान सम्मान निधि तथा पांच हॉर्स पावर,सात हॉर्स पावर तथा दस हॉर्स पावर पम्प कनेक्शन पर सब्सिडी दे रही है। बच्चों की पढ़ाई के लिए सांदीपनि विद्यालय संचालित किये जा रहे है।







मुख्यमंत्री ने किया संवाद

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा वुर्चअल रूप से मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव से संवाद किया। संवाद के दौरान विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि बलराम कृषि महोत्सव में जिले के हजारों कृषकों ने भाग लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिले के लिए दो बडी सौगातें चंदेरी तथा मल्हारगढ़ के लिए दी गई। जिससे किसानों की भूमि सिंचित होगी और किसानों को भरपूर लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह रघुवंशी तथा किसान संगठन के अध्यक्ष वीरेन्द्र रघुवंशी तथा आधुनिक कृषि यंत्र का निर्माण करने वाले राजपाल नरवरिया से संवाद कर किसानों के हित में किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली।

अतिथियों ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

बलराम कृषि महोत्सव के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कृषि से संबंधित गतिविधियों की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा अधिकारियों से विभागीय योजनाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा जिले के उन्नतशील कृषकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषक रणवीर सिंह यादव, विवेक जोशी,मोहन सिंह अहिरवार,श्रीकांत कुलकर्णी,सोनू रघुवंशी, शिवानी शर्मा, हरवीर सिंह,अभिषेक शर्मा,रामकुमार तथा राजपाल नरवरिया को सम्मानित किया गया।

होनहार छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान परीक्षाओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेहा कुशवाह,सत्यम रघुवंशी,आरूषि,खुशी नामदेव,पूनम,सलोनी,अंशु यादव, दीपक, दीक्षा,राजेश तथा राधिका रजक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.व्ही.एस.गुप्ता द्वारा कृषकों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, लड्डूराम कोरी, जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव,उप संचालक कृषि अमित भदौरिया,मंडी सचिव प्रेम कुमार मीना सहित जन प्रतिनिधिगण,किसान संगठनों के पदाधिकारी,बडी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

कर्मचारी रिश्वत लेने से नहीं आ रहे बाज

सात हजार की रिश्वत लेते महिला पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार, नामांतरण के बदले मांगी थी रकम

25 दिन के भीतर लोकायुक्त की दूसरी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



सरकार ने जिन लोगों को अपना जिम्मेदार बनाकर विभागों की जिम्मेदारी सौंपी है, उसी विभाग के लोग गरीब आम जनता से भ्रष्टाचार की लूट मचा रखी है। ऐसा ही मामला जीरापुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त की कार्रवाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। करीब 20-25 दिन में रिश्वत खोरी का यह दूसरा मामला लोकायुक्त की हाथ चढ़ा है।

गुरुवार को लोकायुक्त पुलिस भोपाल संभाग की टीम ने जीरापुर में कार्रवाई करते हुए महिला पटवारी सीमा दांगी को सात हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई सिरपोई कॉलोनी स्थित पटवारी के निजी कार्यालय में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम श्यामपुरा निवासी रामप्रसाद दांगी ने खसरा नंबर 407/1 की भूमि के नामांतरण के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि नामांतरण की कार्रवाई के एवज में पटवारी सीमा दांगी द्वारा सात हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। लेकिन आवेदक रिश्वत देने का इच्छुक नहीं था तथा पटवारी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई चाहता था।

शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त टीम ने शिकायत का सत्यापन कराया और गुरुवार को ट्रैप की कार्रवाई की। ऐसे में शिकायतकर्ता रिश्वत की राशि लेकर पटवारी के कार्यालय सिरपोई कॉलोनी पहुंचा। वहां सह-आरोपी जमना प्रसाद उर्फ बबलू पिता श्यामलाल वर्मा, 38 वर्ष, निवासी जीरापुर के माध्यम से सात हजार रुपए की राशि लिए जाने के बाद लोकायुक्त टीम ने दोनों को मौके से पकड़ लिया। कार्यवाही मे प्रमुख रुप से महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश तथा उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई उप पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में निरीक्षक रजनी तिवारी सहित ट्रैप टीम ने की। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

25 दिन में रिश्वतखोरी की दूसरी कार्रवाई

जीरापुर में अल्प समय में यह दुसरा मामला सामने आया। वहीं राजगढ़ सीएमएचओ शोभा पटेल के खिलाफ भी लोकायुक्त कार्रवाई हो चुकी है। लगातार सामने आ रही इन कार्यवाही से भ्रष्टाचार को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

यशिका मिश्रा विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त पर आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सारंगपुर के मिश्रा परिवार की बेटी ने डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर से एम.ए. (भाषाविज्ञान) की परीक्षा में कु. यशिका मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धि के लिए आगामी दीक्षांत समारोह में उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।यशिका मिश्रा ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर यह सफलता हासिल कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे परिवार का गौरव बढ़ाया है। उनकी उपलब्धि से परिवारजनों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। यशिका रजनीश मिश्रा एवं श्रीमती ऋचा मिश्रा की सुपुत्री हैं। उनकी सफलता पर डॉ. के.के. मिश्रा, अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ मिश्रा, चिरायु मिश्रा सहित परिवारजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यशिका ने अपनी उपलब्धि से परिवार का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर परिजनों ने विश्वास जताया कि यशिका इसी प्रकार अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर भविष्य में भी नई ऊंचाइयां हासिल करेंगी। विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक के लिए चयनित होना उनकी शैक्षणिक प्रतिभा और समर्पण का प्रमाण है।

रात्रि में हाईवे पर हुई थी दो बाइकों में टक्कर

एसडीएम ने अपने वाहन से घायल को पहुंचवाया अस्पताल, इलाज के लिए व्यवस्था भी करवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 राजगढ़-खिलचीपुर मार्ग पर बुधवार रात्रि दो बाइकों की आमने-सामने से सीधी टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद खिलचीपुर एसडीएम ज्योति राजौरे उधर से गुजर रही थीं। ऐसे में उन्होंने एम्बुलेंस का इंतेजार किए बगैर एक घायल को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया वहीं दूसरे को एक अन्य वाहन से अस्पताल भेजने की व्यवस्था करवाई।

जानकारी के अनुसार एनएच-52 पर जालपाजी के आगे फूलखेड़ी के समीप बुधवार रात्रि दो बाइकें आपस में टकरा गईं। दुर्घटना में हादसे में दोनों बाईक चालक गौरव पिता कमल जाटव उम्र 25 वर्ष निवासी सोमवारिया खिलचीपुर एवं प्रेमसिंह पिता हिन्दू सिंह राव उम्र 30 वर्ष निवासी भतड़तड़ा हाल ब्यावरा गंभीर रूप से घायल हो गए। यह एक्सीडेंट रात्रि करीब 8 बजे के आसपास हुआ था। ऐसे में हाईवे पर अंधेरा होने के चलते वहां से गुजर रहे किसी वाहन चालक ने अपना वाहन नहीं रोका। उसी समय खिलचीपुर एसडीएम ज्योति राजौरे का उधर से गुजरना हुआ। हाईवे पर तड़प रहे घायलों को देख उन्होंने ड्राइवर को बोलकर तुरंत अपना वाहन रुकवाया। घायल गौरव को एसडीएम के वाहन से जिला अस्पताल भेजा गया वहीं प्रेमसिंह राव को एक अन्य वाहन से अस्पताल भिजवाया।

एसडीएम स्वयं भी पहुंची जिला अस्पताल

एसडीएम राजौरे ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के उचित इलाज की व्यवस्था करवाई। जिला अस्पताल में प्रायमरी ट्रीटमेंट के बादघायलों की स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

राजधानी भोपाल में हुई थी प्रतियोगिता

राजगढ़ के अंकित ने नौकायन में जीते स्वर्ण और कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजधानी भोपाल में गत 10 से 16 अगस्त तक आयोजित हुई राजाभोज मल्टीक्लास सेलिंग चेम्पियनशिप ने जिले के एक होनेहार ने उल्लेखनीय सफलता पाई है। जिले की खिलचीपुर तहसील के ग्राम गुराड़िया निवासी एवं वर्तमान में भोपाल पुलिस में सेवारत गोपाल सिंह सिसौदिया के सुपुत्र अंकित सिसौदिया ने भोपाल में आयोजित तीसरी राजा भोज बहुवर्गीय नौकायन प्रतियोगिता-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 पदक अर्जित किए हैं।

भोपाल के बड़े तालाब स्थित एनएसएस परिसर में हुई इस चैम्पियनशिप में अंकित ने आईएलसीए-6 (गैर-रैंकिंग वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक तथा आईएलसीए-4 बालक वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। अंकित की इस उपलब्धि से ग्राम गुराड़िया सहित खिलचीपुर एवं राजगढ़ जिले में हर्ष व्याप्त है। उनकी सफलता ने ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं के लिए नई प्रेरणा प्रस्तुत की है। कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के बल पर अंकित ने नौकायन के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, ग्रामवासियों एवं खेलप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

एसपी ने लोक अभियोजक अधिकारी शिवप्रसाद को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सारंगपुर पुलिस द्वारा चिन्हित सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में पैरवी करने के लिए अतिरिक्त लोक अभियोजक अधिकारी शिवप्रसाद शर्मा को पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के द्वारा सम्मानित किया । चिन्हित सनसनी खेज प्रकरण क्रमांक 86/2025 आर्म्स एक्ट में न्यायालय द्वारा दिनांक 20 जुलाई 2026 पारित निर्णय में सरफराज, शाहनवाज एवं शफीक निवासी सारंगपुर में पंजीबद्ध प्रकरण में पैरवी करते हुए अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक अधिकारी शिवप्रसाद ने साक्ष्य के कथनों के आधार पर जिला एवं सत्र न्यायालय सारंगपुर द्वारा आरोपियों को आजीवन कारावास से दंडित किया था। लोक अभियोजक अधिकारी शिवप्रसाद शर्मा द्वारा उक्त प्रकरण उत्कृष्ट पैरवी की । उक्त प्रकरण को सारंगपुर पुलिस के द्वारा सनसनी खेज प्रकरण की श्रेणी में रखा था इस उत्कृष्ट पैरवी के शर्मा को पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान का सम्मानित किया गया उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए अभिभाषक सारंगपुर के अध्यक्ष पी .एस .मंडलोई एवं सचिव राकेश पच्चीसिया के द्वारा सम्पूर्ण अधिवक्ता संघ की और से बधाई प्रेषित की।

जिला शिक्षा अधिकारी पाटीदार पहुंचे सुठालिया के स्कूल गंदगी पर लगाई फटकार, बंद लैब खोलने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया की अव्यवस्थाओं को लेकर हरिभूमि लगातार खबरें प्रकाशित होने का असर देखने को मिला। खबरों का संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी 'सावंत पाटीदार' गुरुवार को स्कूल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्कूल में सफाई व्यवस्था खराब मिलने और विज्ञान लैब बंद पाए जाने पर नाराजगी जताई। स्कूल परिसर, कक्षाओं और बरामदों में चारों ओर गंदगी देखकर पाटीदार ने प्राचार्य को तत्काल सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिसर में साफ-सफाई रोजाना सुनिश्चित की जाए।

बंद पड़ी लैब को रोज खोलने के आदेश

निरीक्षण में पाया गया कि स्कूल



की विज्ञान लैब लंबे समय से बंद पड़ी है। इस पर डीईओ ने प्राचार्य को निर्देश दिए कि लैब को रोजाना खोला जाए। ताकि बच्चे विज्ञान के प्रयोगों को डेली समझ सकें और प्रैक्टिकल ज्ञान ले सकें।

प्राचार्य का ऑफिस बनाना रुकवाया

इस दौरान देखा कि एक कमरे को प्राचार्य द्वारा ऑफिस के रूप में तैयार करवाया जा रहा था। जबकि वह कमरा बच्चों की कक्षा के लिए उपयोग होता है। इस पर डीईओ ने तुरंत काम रुकवाते हुए कहा कि यह कमरा पहले की तरह बच्चों की पढ़ाई के लिए ही उपयोग किया जाएगा। आगे भी इसी उद्देश्य से उपयोग होगा।

खबर का असर

मध्यान्ह भोजन मामले पर चल रही जांच

निरीक्षण के दौरान जब पत्रकारों ने डीईओ से मध्यान्ह भोजन को लेकर वायरल हुए फोटो-वीडियो और पत्रकार को मिली धमकी के बारे में सवाल किया। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि मामले में एकदम कार्रवाई नहीं की जा सकती। अभी प्रारंभिक जांच चल रही है। जांच पूरी होते ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासकीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन से कोई समझौता नहीं होगा।

कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया आयोजन

कांग्रेत नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव की जयंती पर अस्पताल में बांटे फल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

देश में संचार क्रांति के जनक एवं भारत के छटवें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 82वीं जयंती पर कांग्रेस द्वारा अलग रूप से मनाई गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में एक संक्षिप्त आयोजन रखते हुए गांधी द्वारा देश को दिए गए योगदानों पर प्रकाश डाला। इसके उपरान्त सभी इंकाजन जिला अस्पताल पहुंचे और मरीजों को फलों का वितरण करवाया। इंका कार्यकर्ताओं ने मरीजों के स्वास्थ्य और अस्पताल से दी जा रही सुविधाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने मरीजों को आश्वस्त किया कि किसी भी तरह की आवश्यकता पड़ने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 82वीं जयंती मनाई



सारंगपुर। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 82वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को सारंगपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। कार्यक्रम बस स्टैंड के समीप स्थित राजीव गांधी स्मारक पर आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व एवं देश के विकास में दिए गए योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव मजबूत करने, युवाओं को आगे बढ़ाने तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी,पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय,वरिष्ठ नेता शफीक अंसारी,शमीर मेव,विक्रम सिंह बेस,समीर मेव, महेश मालवीय,शोएब हसन राही,असलम अली, महेश सोनी सहित कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलने तथा देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

जुआ खेलते 5 को पकड़ा,16.500 रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



कसाईवाड़ा क्षेत्र में एक घर में चल रहे जुए के फड़ पर सारंगपुर पुलिस ने गुरुवार दोपहर मुखबिर की सूचना पर दबिश दी। पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से 16,500 रुपए नकद और ताश की गड्डी बरामद की है।

थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कसाईवाड़ा क्षेत्र में जुआ चल रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस के अनुसार आरोपी एक डायरी में नंबर लिखकर उन्हें काटते हुए हार-जीत का दांव लगा रहे थे। मौके पर जुए की फड़ पर फैले 16,500 रुपए और ताश की गड्डी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी समीर पिता अब्दुल रहीम (42), इनायत पिता शकील (29), भय्यू उर्फ भूरा पिता चांदखां पठान निवासी नयापुरा, रज्जु पिता लइक खां कुरैशी (30) और महबूब लंगड़ा पिता मुंशी खां (42), सभी निवासी कसाईवाड़ा को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जिस महिला के घर में जुआ चल रहा था, वह प्रत्येक गेम के लिए कुछ राशि चार्ज करती थी। कार्रवाई में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के साथ उप निरीक्षक दीपक परमार, प्रधान आरक्षक संदीप तोमर, बनवारी गुर्जर, महिला आरक्षक दीपिका और आरक्षक सतेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ढोल-ढमाकों से नगर में निकाली यात्रा

क्षिप्रा का जल लेकर राजगढ़ पहुंचे कांवड़िए



राजगढ़। श्रावण के पवित्र मास में अलग-अलग स्थानों पर कांवड़ यात्राओं का आयोजन अनवरत रूप से चल रहा है। इसी कड़ी में नगर के कई सेवाभावी युवक पिछले दिनों उज्जैन महांकालेश्वर की पैदल यात्रा के लिए निकले थे। उज्जैन में मैया क्षिप्रा का जल कांवड़ में भरकर विभिन्न स्थानों पर रुकते और शिवमंदिरों में अभिषेक करते हुए ये कांवड़ियें गुरुवार को राजगढ़ पहुंचे। इस दौरान मूसलाधार बारिश के बीच कांवड़ियों ने उत्साह के साथ नगर में एक यात्रा निकाली। ढोल-ढमाकों और डीजे के साथ निकली इस यात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत, अभिनंदन किया गया। नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई यह यात्रा खोयरी बैजनाथ महादेव धाम पहुंची। यात्रा में कांवड़ियों के साथ नगर के अन्य श्रृद्धालु महिला, पुरुष भी सम्मिलित हुए। खोयरी पहुंचने क्षिप्रा मैया के जल से सभी ने बैजनाथ महादेव का पावन अभिषेक, पूजन किया।

सहकारिता उपायुक्त, सीसीबी महाप्रबंधक ने किया शुभारंभ

काश्तकारों को सहकारिता से जोड़ने विशेष अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



किसानों को सहकारिता की मुख्यधारा से जोड़ने और शासन की किसान हितेषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचाने के लिए जिले में विशेष अभियान का शुभारंभ बुधवार से किया गया।

20 अगस्त से 17 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले की 140 समितियों में नवीन सदस्य बनाए जाएंगे। अभियान का शुभारंभ करेड़ी संस्था से किया गया। यहां उपायुक्त सहकारिता पी.एस. बरोठिया और सीसीबी महाप्रबंधक दीपक रघुवंशी ने किसानों को सहकारिता से मिलने वाली सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी। पहले ही दिन 12 नए सदस्य बनाए गए। उपायुक्त बारोटिया ने शासन द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी उपस्थितों को दी।

रघुवंशी ने रघुवंशी ने किसानों को ऋण अदायगी के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सहकारिता विभाग किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराता है। इसका लाभ निरंतर मिलता रहे, इसके लिए किसानों को अपने खाते का नियमित लेनदेन करते हुए समय पर ऋण की राशि जमा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसान समय पर ऋण चुकाएंगे तो आगामी रबी और खरीफ सीजन में उन्हें दोबारा ऋण के साथ खाद एवं बीज की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा सकेगी।

खाद के लिए टोकन व्यवस्था भी हुई शुरू

अभियान के शुभारंभ के साथ किसानों के लिए खाद उठाव की प्रक्रिया को भी गति मिली। यूरिया और डीएपी के लिए पोर्टल पर पंजीयन एवं टोकन प्रक्रिया प्रभावित होने के बाद अब व्यवस्था शुरू हो गई है। अभियान के दौरान किसानों के नवीन टोकन जारी किए गए और मौके पर ही खाद उपलब्ध कराई गई। इससे आगामी रबी सीजन की तैयारी में जुटे किसानों को राहत मिली।

चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी देने वाले को 1 साल का सश्रम कारावास

ब्यावरा। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ब्यावरा श्रेया शर्मा की अदालत ने 9 साल पुराने चाकू से हमले के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने ग्राम मोरीखो के आरोपी लखन गुर्जर को धारा 294, 324, 506 भादंवि के तहत दोषी मानते हुए 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कियह घटना 13 फरवरी 2017 की शाम करीब 5:30 बजे की है। फरियादी अपनी दुकान के पास खड़ा था, तभी आरोपी लखन गुर्जर मोटरसाइकिल से आया और आधा लीटर पेट्रोल उधार मांगने लगा। पैसे नकद देने की बात पर आरोपी भड़क गया और फरियादी को मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगा। मना करने पर आरोपी ने जेब से चाकू निकालकर फरियादी के बाएं हाथ की कोहनी पर वार कर दिया। पास खड़े मावसिंह और हरिसिंह के बीच-बचाव करने पर आरोपी ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मलावर में अपराध क्रमांक 38/2017 धारा 294, 324, 506 भाग-2 भादंवि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की गई। प्रकरण में शासन की ओर से उप संचालक अभियोजन राजगढ़ आलोक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एडीपीओ राजेंद्र सोनी ने प्रभावी पैरवी की। विचारण के दौरान महत्वपूर्ण गवाहों के बयान न्यायालय में कराए गए।दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई। इस फैसले से क्षेत्र में कानून के राज का संदेश गया।